1– निम्न में से कौन सा वाक्य कर्तृवाच्य का उदाहरण है?

a) भगवान के द्वारा हमारी रक्षा की जाती है।

b) मुझसे दौड़ा नहीं जाता।

c) हथियार से पेड़ काटा गया।

d) चलो अब चलते है।

2–निम्नलिखित को सही सुमेलित करें

a. किसी वस्तु को पाने की तीव्र इच्छा 1–अभीप्सा

b.सांसारिक वस्तु को पाने की इच्छा 2– युयुत्सा

c.युद्ध करने की इच्छा 3–लिप्सा

d. खाने की इच्छा 4.–बुबुक्षा

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

3–निम्नलिखित में से कौन सी वर्तनी शुद्ध है?

a)आरोज्ञ b)कांच

c)श्रुतिलिपि d)वत्सल

4–निम्नलिखित में से कौन सा विलोम युग्म सही नहीं है?

a)उम्मीद–मायूसी b)गाफिल–कामिल

c)याचक–सूम d)दमित–उत्तेजित

5–निम्नलिखित में पर्याय शब्दों को सुमेलित करें तथा सही कूट का चयन करें–

a.मृगधर 1–दरीचा

b.चतुर्भुज 2– दाडिमप्रिय

c.गवाक्ष 3–कमलेश

d. कीर 4.–राकेश

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

6–संतो भाई आई ग्यान की आंधी रे। पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

a)अतिशयोक्ति b) श्लेष

c)रूपक d)अन्योक्ति

7–फीचर को किस प्रकार का लेखन माना जाता है?

a)कथात्मक b)आत्मनिष्ठ

c)वर्णनात्मक d)विवरणात्मक

8–निम्न को सुमेलित करें

a.औष्ठ्य 1–ऐ

b.दंतौष्ठ 2– ओ

c.कंठौष्ठ 3–व

d. कंठतालव्य 4.–उ

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

9– सरगौक छुट पातालौक फुट मुहावरे का अर्थ है–

a) किसी दूसरे के काय्र का स्वयं श्रेय लेना

b) सटीक निशाना लगाना

c) सामने होने पर ध्यान न देना। बाद में प्रयत्न करके बुलाना

d) हर तरफ से असहाय

10– अत्याचार में कौन सी संधि है?

a)गुण संधि b)यण संधि

c)दीर्घ संधि d)अयादि संधि

11– कौन सा अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद नहीं है?

a)संदेहवाचक b)विस्मयादिवाचक

c)निषेधवाचक d)संबंधवाचक

12–निम्नलिखित में से कौन सा तत्सम शब्द नहीं है?

a)जमाता b)गम्भीर

c)कार्तिक d)गाहक

13–निम्नलिखित में से कौन सा क्रियाविशेषण उपवाक्य का उदाहरण है?

a)जब आंधी आयी तब वे एक घर में छिप गये।

b)मैं चाहता हूँ कि तुम मेरे घर आओ।

c)बच्चा इतना रोया कि मोहन को खिलौना खरीदना पड़ा

d)जो छात्र कठिन परिश्रम करते हैं वे सफल होते हैं

14–निम्न में से कौन सी रचना निराला द्वारा रचित नहीं है?

a) अर्चना b) सावित्री

c) आराधना d) गीतगुंज

15–निम्नलिखित में से किस वाक्य में अधिकरण कारक नहीं है?

a)वह शाम को गंगा किनारे जाता है।

b)वह अगले साल आएगा।

c)वह युवराज का खेत है।

d)कमरे के बीच में पंखा लगा है।

16–निम्नलिखित में से कौन सी क्रिया द्विकर्मक नहीं है?

a) राधा ने मोहन को किताब दी।

b) अधिकारी कर्मचारियों को वेतन देता है

c) पिता ने पुत्र को ज्ञान की शिक्षा दी

d) किसान ने सुबह उठकर हल चलाया

17–निम्नलिखित में से कौन कुमाऊँनी साहित्यकार नहीं है?

a)राजेन्द्र बोरा b)जुगल किशोर पेटशाली
c)बालम सिंह जनौटी श्री बल्लभ डोभाल

18–निम्न में से कौन सा विकल्प भाववाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है?
a) पशुता b) घृणित
c) सेवा d) अध्यापन

19–निम्न में से कौन सा एक अग्र स्वर का उदाहरण है?
a)उ b) ऊ
c) ई d) अ

20–माथि बीटि बांदरू कि डार ऐगी' वाक्य में डार शब्द है?
a)समूहवाचक संज्ञा b)भाववाचक संज्ञा
द्रव्यवाचक संज्ञा d)व्यक्तिवाचक संज्ञा

21–निम्नलिखित में से किस समाचार पत्र/पत्रिका का प्रकाशन अल्मोडा से होता था?
1–प्रजाबंधु 2–पताका
3–शक्ति 4–उत्तराखंड ज्योति
a)केवल 1,2 b)केवल 1,2,3
c)केवल 2,3,4 d)केवल 2,3

22–किस चंद शासक ने तिब्बत सीमा पर सीमासूचक पत्थर लगवाए थे तथा राज्य कर्मचारियों को तीन भागों में विभाजित किया?
a)अजयपाल b)लक्ष्मणचंद
c)त्रिमल्लचंद d)कीर्तिचंद

23–निम्नलिखित में से कौन सा नगर काली नदी के तट पर स्थित है?
1–धारचूला 2–तवाघाट
3–जौलजीवी 4–बेतालघाट
a)केवल 1,2 b)केवल 2,3
c)केवल 1,2,3 d)1,2,3,4 सभी

24–मदकोट प्रपात किस जिले में है?
a)पिथौरागढ b)नैनीताल
c)देहरादून अल्मोडा

25–लोहसर नामक उत्सव कौन सी जनजाति के द्वारा मनाया जाता है?
a)भोटिया b)राजी
c)थारू d)बोक्सा

26–निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1–कत्यूरी काल में अपराधियों को पकडने वाला दोषप्राधिक कहलाता था।
2–कत्यूरी काल में गुप्तचर विभाग का सर्वोच्च अधिकारी दंडपाशिक कहलाता था।
3–कत्यूरी काल में 'क्षेत्रपाल' राज्य में कृषि की उन्नति का ध्यान रखता था।
a)केवल 1 b)केवल 1,3
c)केवल 2,3 d)1,2,3 सभी

27–1790 में चंद वंश पर गोरखा आक्रमण का नेतृत्व में शामिल थे?
1–अमरसिंह थापा 2–जगजीत पांडे
3–चौतरिया बहादुर शाह 4–राजवीर पांडे
a)केवल 2,3 b)केवल 1,3
c)केवल 1,2,3 d)केवल 1,3,4

28–किस कमिश्नर द्वारा तीर्थयात्रियों हेतु डाक बंगले खोल दिए गए थे?
a)लुशिगटन b)बेटन
c)रैमजे d)विलियम ट्रेल

29–ब्रिटिश काल में वह भूमि जहां कभी खेती न की गई हो, को क्या कहा जाता था?
a)बंजर भूमि b)कैसर ए हिन्द
c)सदावृत d)गूंठ

30–ब्रिटिशकाल के थोकदार से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही नहीं है?
a)यह राज्य और पधानों के मध्य राजस्व अधिकारी होता था।
b)पधान, थोकदार के नीचे काम करता था परन्तु पधान को हटाने का अधिकार उसे नही था।
c)परगनों में राजस्व वसूली का कार्य थोकदार द्वारा किया जाता था।
थोकदार को कमीन या सयाना भी कहा जाता था।

31–उत्तराखंड में होने वाली वनस्पतियों को सर्वप्रथम किसने लिपिबद्ध किया?
a)नार्मन गिल b)रामलाल शाह
c)गिरिराज शाह d)पन्नालाल

32–कुमाऊँ क्षेत्र में हुए बंदोबस्त के संदर्भ में सही कथन का चयन करें
1–पहला बीससाला बंदोबस्त ट्रेल के द्वारा कराया गया।
2–पांचवें बंदोबस्त में भूमि को लिपिबद्ध करने का प्रयास किया गया।
3–छठे बंदोबस्त को तरमीम बंदोबस्त भी कहा जाता है।
a)केवल 1,2 b)केवल 2,3
c)केवल 1,3 d)1,2,3 सभी

33–किसकी सहायता से बाजबहादूर चंद ने तराई को विद्रोहियों से खाली करवाया था?
a)नवाब रूस्तम खां b)हुसैन खा
c)नजावत खां d)नजीब खां

34–निम्नलिखित में से किस महिला को शौंकाचल का भूषण कहा जाता है?
a)गौरा देवी b)जसुली दताल
c)रूपा देवी d)तुलसी देवी

35–निम्नलिखित में से कौन सा पर्वत शिखर पिथौरागढ में नहीं है?
a)नंदाकोट पर्वत b)असुरचुला पर्वत
c)फतेह पर्वत d)ध्वज पर्वत

36–किसने पंवार शासक बलभद्रपाल को भीमसेन समोबली अर्थात भीम के समान बलवान बताया है?

a)कवि भरत b)कवि देवराज

c)कवि गुरू शंकर d)रतन कवि

37–कौन सही सुमेलित है?

1–गढू सुम्याल–शिवनारायण सिंह

2–फतेहशाह यशोवर्णन–सुकदेव मिश्र

3–भवानी मिलाप–बालकृष्ण भट्ट

4–गढवाल का इतिहास–हरिकृष्ण रतूडी

a)केवल 1,4 b)केवल 2,3,4

c)केवल 1,3,4 d)केवल 1,2,3

38–निम्नलिखित में से किसको पदश्री प्राप्त नहीं है?

a)यशवंत सिंह कटौच b)राधा बहन

c)बसंती देवी d)हर्षवंती बिष्ट

39–पैंसारा गीत के संदर्भ में सही विकल्प का चयन करें–

a)यह महिला के दुख दर्द का वर्णन करते है।

b)यह निराई गुडाई के गीत है।

c)यह किसी व्यक्ति की मृत्यु पर गाए जाते है।

यह गीत शादी के अवसर पर गाए जाते है।

40–कौन सी नदी अलकनंदा की सहायक नही है?

a)बिरही b)निगोल

c)बालखिल्य d)कुसुमगंगा

41–सही कथन का चयन करें–

राज्य में जडी बूटी शोध विकास संस्थान गोपेश्वर में स्थित है।

2–जडी बूटी विपणन हेतु टनकपुर, रानगर व ऋषिकेश में जडी बूटी मंडियों की स्थापना की गई है।

a)केवल 1 b)केवल 2

c)1,2 दोनों d)इनमे से कोई नहीं

42– निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

a)आठूं – गौरा महेश्वर देवता

b)जागड़ा – महासू देवता

c)सारा – नंदा देवी देवता

d)चैतोल – बाला सुन्दरी देवी

43– बाड़ाहाट शक्ति स्तंभ अभिलेख निम्न में से किससे संबधित है?

a)प्रतापशाह b)गुह

c)सेनवर्मन d)बंसतदेव

44– शाहजहाँ के दरबार से कौन दो चित्रकार गढ़वाल दर में आये थे?

a)मंगतराम एंव श्यामदास b) श्यामदास एंव हरदास

c)मौलाराम एंव हीरालाल d) श्यामदास एंव मौलाराम

45– लंदन मिशनरी सोसाइटी की स्थापना किस स्थान पर की गई?

a)अल्मोड़ा b)नैनीताल

c)कोटद्वार d)कौसानी

46– निम्न में सुमेलित हैं?

a)जगनी मेला – पिथौरागढ़ b)हारदूध मेला – टिहरी

c)जखोली मेला – रूद्रप्रयाग d)हिमालय महोत्सव – नैनीताल

47– उत्तरकाशी – स्थित गंगोत्री मन्दिर का जीर्णोद्वार किसके द्वारा किया गया?

a)अमर सिंह थापा b)रानी खनेती

c)माधो सिंह d)महारानी गुलेरिया

48– उत्तराखण्ड में किसानों का सर्वोत्तम मित्र कहा जाता है?

a)चीड़ b)साल

c)भीमल d)बाँज

49– निम्न में सुमेलित है?

a)गर्भभंजक – माधो सिंह भण्डारी

b)पिंगला – जियारानी

c)गढ़केसरी – मुकुन्दी लाल

d)गुसैं – लोकरत्न पन्त

50–कौन सही सुमेलित है?

a)दीनदयाल उत्तराखं ग्रामीण आवास योजना–2014

b)ग्रामीण पर्यटन उत्थान योजना–2007

c)किसान पेंशन योजना–2009

d)मेरी बेटी मेरा धन योजना–2014

51– राज्य के जिले का क्षेत्रफल आरोही क्रम में बताएं–

a)हरिद्वार – बागेश्वर – रूद्रप्रयाग– चंपावत

b)चंपावत – रूद्रप्रयाग – बागेश्वर – हरिद्वार

c)चंपावत – रूद्रप्रयाग – हरिद्वार – बागेश्वर

d)हरिद्वार – रूद्रप्रयाग – बागेश्वर – चंपावत

52–किस कत्यूरी शासक के काल में बौद्ध धर्म का प्रभाव कम हुआ था?

a)ललितसुर देव b)भूदेव

c)निंबरदेव d)देशट देव

53– राज्य में राज्यपाल रह चुकी महिलाओं की संख्या कितनी है?

a)3 b) 2

c)1 d)0

54–सुगौली की संधि पर अंग्रेजों की ओर से किसने हस्ताक्षर किये थे?

a)मेजर जनरल ऑक्टरलोनी b)लेफ्टिनेंट कर्नल पेरिस ब्रेडशॉ

c)कर्नल गार्डनर d)मेजर जनरल बुड

55–निम्नलिखित में से कौन देहरादून में स्थित नहीं है?

a)यूकॉस्ट b)यूसर्क

यूसैक d)यूसीबी

56–1868 में किसे कुमाऊँ में वन विभाग का संरक्षक बनाया गया ?

a) डिट्रिच ब्रैंडिस b) पियर्सन
c)रैम्जे d) स्टिफी

57– किस केदार को पंचम केदार माना जाता हैं ?
a) मदमहेश्वर b) कल्पेश्वर
c)रूद्रनाथ d) तुंगनाथ

58–उत्तराखण्ड में पंचायतों की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन करने हेतु राज्य वित्त आयोग का गठन किसके द्वारा किया गया है?
a) राज्यपाल b) मुख्यमंत्री
c) गृहमंत्री d) वित्तमंत्री

59–कोटद्वार में गोरक्षिणी सभा की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
a) 1934 b) 1935
c) 1885 d) 1907

60–ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा किस वर्ष कुमाऊँ के दक्षिणी भाग (तराई) पर अधिकार किया गया था?
a) 1790 b) 1802
c) 1810 d) 1795

61– भारत में यूरोपीय आगमन के सम्बंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. 17 मई 1498 को पुर्तगाली यात्री वास्कोडिगामा कालीकट पहुंचा।
2. भारत में प्रथम पुर्तगाली गवर्नर फ्रांसिस्को डी अल्मीडा था।
3. अल्मीडा को भारत में पुर्तगाली शक्ति का वास्तविक संस्थापक माना जाता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
a)केवल 1 और 2 b)केवल 2 और 3
c)केवल 1 और 3 d)1, 2 और 3

62– निम्नलिखित में से किस आंदोलन के दौरान '1 वर्ष के भीतर स्वराज' की प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया था?
a)असहयोग आंदोलन
b)सविनय अवज्ञा आंदोलन
c)होमरूल लीग आंदोलन
d)भारत छोड़ो आंदोलन

63– निम्नलिखित कथनों में से कौन सही नहीं है?
a)भारत में मजदूर आंदोलन को संगठित करने का श्रेय नारायण मेघाजी लोखंडे को दिया जाता है।
b)भारत का पहला आधुनिक मजदूर संगठन बी. पी. वाडिया द्वारा गठित मद्रास लेबर यूनियन था।
c)ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस का प्रथम अध्यक्ष एन. एम. जोशी थे।
d)कम्युनिस्ट इंटरनेशनल का सदस्य बनने वाला पहला भारतीय एम. एन राय थे।

64– देश का 58वां टाइगर रिजर्व (बाघ अभयारण्य) किसे घोषित किया गया है?
a)गुरू घासीदास तमोर पिंगला वन्यजीव अभयारण्य
b)रातापानी वन्यजीव अभयारण्य
c)माधव राष्ट्रीय उद्यान
d)धौलपुर करौली वन्य जीव अभयारण्य

65– राजकोषीय वित्तीय स्वास्थ्य सूचकांक किस संस्थान के द्वारा जारी किया जाता है?
a)नीति आयोग b)विश्व स्वास्थ्य संगठन
c)स्वास्थ्य मंत्रालय d)भारतीय रिजर्व बैंक

66– निम्नलिखित संगठनों को उनके गठन के कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें–
1. रामकृष्ण मिशन 2. आर्य समाज
3. आत्मीय सभा 4. सत्यशोधक समाज
a)3, 4, 2, 1 b)1, 2, 3, 4
c)4, 2, 3, 1 d)2, 1, 3, 4

67– निम्नलिखित झीलों का उत्तर से दक्षिण सही क्रम है?
1. पुलिकट झील 2. चिल्का झील
3. वेम्बनाड झील 4. कोल्लेरू झील
a)4, 1, 2, 3 b)2, 1, 3, 4
c)2, 4, 1, 3 d)2, 4, 3, 1

68– निम्नलिखित में से कौन –सी पर्वत उपश्रृंखला हिमालय पर्वत श्रृंखला में स्थित है?
1. नामचा बरवा 2. पलानी
3. मिश्मी 4. डोड्डाबेट्टा
a)केवल 1 और 2 b)केवल 2, 3 और 4
c)केवल 1 और 3 d)केवल 3 और 4

69– कोरिओलिस बल के संदर्भ में कौन सा कथन सही नहीं है?
1. ध्रुवों पर कोरिओलिस बल अपना अधिकतम मान प्राप्त कर लेता है, जबकि भूमध्य रेखा पर शून्य तक पहुँच जाता है।
2. उत्तरी गोलार्ध में यह हवाओं के दाहिनी ओर विक्षेपण का कारण बनता है।
a)केवल 1 b)केवल 2
c)1 और 2 दोनों d)न तो 1 और न ही 2

70– विश्व की सबसे बड़ी सोने की खदानों में से एक, मुरूनटाउ सोने की खदान, किस देश में स्थित है?
a)ऑस्ट्रेलिया b)कनाडा
c)उज्बेकिस्तान d)दक्षिण अफ्रीका

71– नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में संदर्भित किया गया है:
कथन (A) : P तरंगे, ध्वनि तरंगों के सामान होती है।
कारण (R) : P तरंगे, ठोस, द्रव और गैस तीनों के माध्यम से गुजर सकती है।

a)A गलत है, परन्तु R सही है।

b)A सही है, परन्तु R गलत है

c)A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

d)A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या नहीं है।

72– निम्नलिखित कथनों में से कौन से कथन सत्य नहीं हैं?

a)स्ट्रॉम्बोली ज्वालामुखी को भूमध्य सागर का प्रकाश स्तम्भ कहा जाता है।

b)कोटोपैक्सी, एटना, और फ्यूजीयामा सक्रिय ज्वालामुखी है।

c)अकांकागुआ अर्जेंटीना में चिली की सीमा के पास स्थित है।

d)किलिमंजारो ईरान में स्थित एक प्रसुप्त ज्वालामुखी है।

73– राज्य के नीति – निदेशक सिद्धांतों के अंतर्गत भारतीय संविधान का कौन –सा अनुच्छेद काम के अधिकार पर बल देता है?

a)अनुच्छेद 39 b)अनुच्छेद 41

c)अनुच्छेद 43 d)अनुच्छेद 48A

74– भारत में केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. 92वें संशोधन के तहत प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों की संख्या लोकसभा सदस्यों के 15% तक सीमित कर दी गई।

2. मंत्रिपरिषद एक संवैधानिक निकाय है।

a)केवल 1 b)केवल 2

c)1 और 2 दोनों d)न तो 1 और न ही 2

75– निम्नलिखित में से किस संगठन को संयुक्त राष्ट्र का अग्रदूत माना जाता है?

a)अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन

b)स्थायी मध्यस्थता न्यायालय

c)अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

d)राष्ट्रसंघ

76– संयुक्त राज्य लोक सेवा आयोग (जेएसपीएससी) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन –सा कथन सही नहीं है?

a)यह एक वैधानिक निकाय है।

b)जेएसपीएससी अपनी वार्षिक प्रदर्शन रिपोर्ट राज्यपाल को प्रस्तुत करता है।

c)जेएसपीएससी के सदस्यों की संख्या और उनकी सेवा शर्तें राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित की जाती हैं।

d)इसके अध्यक्ष एंव सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है।

77– निम्नलिखित में से किस कैबिनेट समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नहीं करते हैं?

a)संसदीय कार्य समिति

b)आर्थिक मामलों की समिति

c)निवेश और विकास पर कैबिनेट समिति

d)केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति

78– यदि राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा मंजूरी दिए बिना ही लोक सभा को भंग कर दिया जाए तो क्या होगा?

a)घोषणा स्वतः ही समाप्त हो जाती है

b)यह घोषणा लोकसभा के पुनर्गठन तक जारी रहेगी

c)घोषणा अमान्य हो जाएगी

d)इस घोषणा को राष्ट्रपति द्वारा पुनः अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

79– भारतीय इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित यात्रियों के आगमन का सही क्रम क्या था?

1. टैवर्नियर 2. अब्दुर रज्जाक

3. मनूची 4. मार्को पोलो

a)4, 2, 1, 3 b)3, 1, 2, 4

c)1, 2, 3, 4 d)4, 1, 2, 3

80– निम्नलिखित में से किस युग में आधुनिक मनुष्य (होमो सेपियन्स) का आविर्भाव हुआ?

a)निम्न पुरापाषाण काल b)मध्य पुरापाषाणकाल

c)उच्च पुरापाषाण काल d)मध्यपाषाणकाल

81– निम्न में से कौन सा राजकोषीय नीति का उपकरण नहीं है?

a)करारोपण b)सार्वजनिक व्यय

c)सार्वजनिक ऋण d)ब्याज की दर

82–नीति आयोग के संगठनात्मक स्वरूप में कितने सदस्य प्रधानमंत्री के द्वारा नामित किए जाते हैं?

a) 4 b) 5

c) 6 d) 3

83–निम्नलिखित में से कौन सी योजना खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय से संबंधित है?

a)सम्पदा b)सांझी

c)पहल d)उदय

84–भारत में छोटे एवं लघु उद्योगों के विकास के लिए उत्तरदायी शीर्ष वित्तीय संस्था है?

a) आईडीबीआई b) सिडबी

c) नाबार्ड d)एसबीआई

85–'निम्नलिखित में से किस वर्ष हाथी संरक्षण परियोजना शुरू की गई थी?

a) 1974–75 b) 1992

c) 1987 d) 1997

86. एक समय में कथन को कनवर्ट और एक्जेक्यूट करता है?

a)कन्वर्टर b)कंपालर

c)इंस्ट्रक्टर d)इंटरप्रेटर

87– किसी प्रोग्राम के मानव दवारा पठनीय दर्शन को कहते है?

a)सोर्स कोड b)प्रोग्राम कोड़

c)ह्यूमन कोड़ d)सिस्टम कोड़

88– कंप्यूटर को इंटरनेट से जोड़ने में कौन मदद करता है?

a)नेट फिट b)ब्राउजर

c)केबल d)राउटर

89– स्पेलिंग चेक करने की शॉर्टकट की है?

a)F2 b)F4

c)F9 d)F7

90– निम्नलिखित में से कौन सा TSP/IP प्रोटोकॉल का लेयर नहीं है–

a)प्रेजेंटेंशन लेयर b)ट्रांसपोर्ट लेयर

c)एप्लीकेशन लेयर d) इंटरनेट लेयर

91– नीचे दी गई तालिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उस संख्या का चयन करें जो प्रश्नवाचक चिन्ह् (?) के स्थान पर आयेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 14 | 9 | 7 |
| 7 | 4 | 5 |
| ? | 10 | 4 |

a)26 b)10

c)22 d)14

92– एक कक्षा में 100 विद्यार्थी हैं। कुछ विद्यार्थी केवल हिन्दी और कुछ विद्यार्थी केवल अंग्रेजी बोल सकते हैं। 20 विद्यार्थी, हिन्दी और अंग्रेजी दोनों बोल सकते हैं। यदि हिन्दी बोल सकने वाले विद्यार्थियों की संख्या 42 है, तब कितने विद्यार्थी अंग्रेजी, कितने केवल अंग्रेजी और कितने केवल हिन्दी बोल सकते हैं?

a)42, 22, 58 b)78, 58, 22

c)74, 54, 26 d)56, 36, 44

93– निशा को याद है कि उसकी 'NTA' द्वारा 'CUET' परीक्षा 11 जून के बाद व 15 जून से पहले होनी है, जबकि रूपा को याद है कि यह परीक्षा 16 जून से पहले व 12 जून के बाद होनी है। NTA ने इस परीक्षा के जून माह में किसी रविवार को होने की घोषणा की थी। इस वर्ष के 29 अप्रैल को गुरूवार था। जून माह की किस तिथि को यह परीक्षा होनी है?

a)12 जून b)13 जून

c)14 जून d)15 जून

94– एक पंक्ति में बैठे p व्यक्तियों में बॉब का स्थान आरम्भ से mवाँ और अंत से nवाँ है। तब कौन सा विकल्प सदैव सत्य है?

a)m + n – 1 = p b)m + n = p

c)m + n + 1 = p d)m – n + 1 = p

95– एक निश्चित कूट में 'ALEX' को '001144025576' लिखा जाता है। उसी कूट में 'SUD' के लिए क्या कूट होना चाहिए?

a)361144025 b)361

c)361144 d)361441016

96– एक खुले मैदान में A और B किसी एक बिन्दु पर खड़े है। A का मुख उत्तर दिशा की तरफ और B का मुख दक्षिण दिशा की तरफ है। A अपने दाहिनी तरफ 8 किमी चलता है और B अपने बायीं तरफ 2 किमी चलता है। अब, A दक्षिण की ओर चलना शुरू करता है। B, $45^0$ दक्षिणावर्त मुड़ता है और चलना शुरू करता है। कुछ समय पश्चात वे बिन्दु P पर मिलते हैं। बिन्दु P, प्रारम्भ बिन्दु से कितनी दूर है?

a)6 किमी b)8 किमी

c)10 किमी d)12 किमी

97– मान लीजिए:

1. A और B भाई है। 2. A का पिता C है।

3. E का भाई D है। 4. B की पुत्री E है।

तो D का का ताऊ/चाचा कौन है?

a)A b)B

c)C d)E

98– कथन : सभी सुईयां धागे हैं।

सभी धागे, डिब्बे है। सभी पेड, डिब्बे हैं।

निष्कर्ष : I. कोई भी सुई, पेड़ नहीं हैं। II. कुछ पेड़, धागे हैं।

III. कुछ डिब्बे, सुइयाँ हैं। IV. कुछ पेड़, सुइयाँ हैं।

a)कोई भी निष्कर्ष सही नहीं है b)II या IV सही हैं।


c)केवल III सही है। d)I या IV सही है व III सही है

99– छः विद्यार्थी A, B, C, D, E और F मैदान में बैठे हुए हैं। A और B, नेहरू घर, जबकि बाकी विद्यार्थी गाँधी घर से सम्बंध रखते हैं। D और F लम्बे हैं, जबकि अन्य छोटे हैं। A, C और D जूते पहने हुए हैं, जबकि अन्य ने नहीं पहने हैं। तो कौन –से दो विद्यार्थी जिन्होनें जूते नहीं पहने हुए हैं और छोटे हैं?

a)A और F b)C और E

c)B और E d)E और F

100–निम्न आकृति में त्रिभुजों की संख्या कितनी है?



a) 20 b)19

c)18 d)24